## महत्वपूर्ण एवं खास

### मालगाड़ी ने मारी कार को जोरदार टक्कर, चालक ने कूदकर बचाई जान

कोरबा (आरएनएस)। स्विफ्ट डिजायर कार में सवार होकर कुसमुंडा से दीपका की ओर जा रहे एक चालक को ब्रिज के बजाए पटरियों से गाड़ी पार कराने की कोशिश भारी पड़ गई। आज करीब सुबह 8 बजे कुसमुंडा थाना इलाके के गंगानगर के पास एनटीपीसी साइडिंग में मालगाड़ी ने उसकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। ट्रेन के इंजन से टकराते ही कार छिटककर ट्रैक से नीचे जा गिरी । गनीमत यह रही कि इस हादसे के दौरान कार के भीतर सिर्फ ड्राइवर ही मौजूद था जिसने टक्कर से पहले कूदकर जान बचा ली। इस पूरे हादसे में कार चालक की लापरवाही सामने आई है।

### 15 साल की भाजपा सरकार के अनुभव को जनता देख चुकी- कांग्रेस

रायपुर (आरएनएस)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष द्वारा कांग्रेस के मंत्रिमंडल को अनुभवहीन बताए जाने और वरिष्ठ नेताओं की उपेक्षा का आरोप लगाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि, कांग्रेस पार्टी हमेशा वरिष्ठ नेताओं का मान सम्मान और उनके मार्गदर्शन में ही काम किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष धरमलाल कौशिक पहले अपने गिरेबान में झांक लें कि भाजपा ने वरिष्ठ नेताओं और भाजपा के संस्थापक लालकृष्ण आडवाणी मुरली मनोहर जोशी जसवंत सिंह और मृत्यु के पहले तक पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के साथ कैसा सलूक किया है? यहां तक की मृत्यु के बाद भी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की अस्थि अवशेषों को रायपुर के एकात्म परिसर में जिस स्थिति में रखा गया उसे पूरा छत्तीसगढ़ जानता है। भाजपा के पोस्टर बैनर और होर्डिंग से भी अटल जी आडवाणी जी जोशी जी और जसवंत सिंह जी को हटा देने वाली भाजपा वरिष्ठ नेताओं के सम्मान को लेकर बड़ी बड़ी बातें करने और कांग्रेस को उपदेश देने का कोई नैतिक अधिकार नहीं रखती है।

### ट्यूशन जा रही किशोरी से छेड़खानी, पिता की रिपोर्ट पर मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। ट्यूशन जा रही किशोरी को अश्लील इशारा करके छेड़खानी करने पर किशोरी के पिता ने आरोपी के खिलाफ सिविल लाईन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 354,354 ख तहत 12 पास्को एक्ट के तहत आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### विवाह का प्रलोभन देकर नाबालिग से अनाचार, जुर्म दर्ज

कोंडागांव (आरएनएस)। 17 वर्षीय नाबालिग युवती को एक 21 वर्षीय युवक द्वारा 21 दिन पहले बहला फुसला कर शादी का झांसा देकर युवती को गांव से जबरदस्ती अपने साथ अन्यत्र लेकर भाग गया। थाने से मिली जानकारी के अनुसार फरसगांव थाना क्षेत्रांतर्गत 17 वर्षीय नाबालिग यवती को 5 दिसंबर की रात आरोपी मनोज कुमार ने शादी का प्रलोभन देकर अपने साथ बहला फुसला कर गांव से भगाकर भैरमगढ़ ले गया। परिजनों द्वारा अपने बेटी की कुछ दिन तक आसपास और अपने रिश्तेदारों के घर पतासाजी की गई परंतु वह नहीं मिली। इसी बीच विश्वस्त सूत्रों के द्वारा पता चला कि आरोपी के द्वारा उसकी बेटी को भगा कर ले जाया गया तो परिजनों ने तुरंत फरसगांव थाना में युवक के खिलाफ अपनी बेटी को भगाकर ले जाने का रिपोर्ट दर्ज करवाया गया। पुलिस द्वारा युवक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया और लगातार पुलिस द्वारा आरोपी और नाबालिग युवती की पतासाजी की जा रही थी । इसी बीच अचानक नाबालिग युवती 23 दिसम्बर 2018 को अपने घर आई और अपने परिजनों को अपने साथ हुए आपबीती को बताई। परिजनों ने पीड़िता के साथ फरसगांव थाना में आकर घटना की पूरी जानकारी दी गई। पीड़िता ने अपने बयान में बताया की आरोपी द्वारा उसे जबरदस्ती अपने साथ कोंडागांव व भैरमगढ़ ले जाकर शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ कई दिनों तक अनाचार करता रहा।

### नव नियुक्त आरक्षकों ने जाना पॉक्सो एक्ट

#### बाल आयोग के पूर्व सदस्य शरद श्रीवास्तव ने दिया प्रशिक्षण

राजनांदगांव (आरएनएस)। पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका ठाकुर के नेतृत्व और अध्यापन शाखा प्रभारी श्रीमती स्वाती मिश्रा के मार्गदर्शन में प्रदेश भर के नव नियुक्त आरक्षको को छ.ग. राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य शरद श्रीवास्तव के द्वारा किशोर न्याय अधिनियम व लैंगिक शोषण से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 पर प्रशिक्षण दिया गया।

### कांग्रेस का स्थापना दिवस कल

रायपुर (आरएनएस)। अत्यंत हर्ष का विषय है कि, आगामी 28 दिसंबर को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 134वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हम समस्त कांग्रेसजन 28 दिसंबर 2018 (शुक्रवार) को कांग्रेस स्थापना दिवस के रूप में मनायेंगे। कांग्रेस पार्टी एक राजनैतिक पार्टी के साथ-साथ एक विचारधारा है। देश की आजादी एवं विकास के कार्य में भाग लेने वाली विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक देश की सबसे पुरानी पार्टी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी है। कांग्रेस स्थापना दिवस को प्रदेश के सभी जिला, शहर, नगर, ब्लाक मुख्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर पार्टी के जिला, ब्लाक मुख्यालयों में कांग्रेस का इतिहास, विचारधारा, अतीत एवं वर्तमान की उपलब्धियां, भविष्य की दृष्टि आदि विषयों पर गोष्ठियां एवं परिसंवाद कार्यक्रम कर रैली व सेमीनार का भी आयोजन करें। साथ ही, स्थानीय सुविधा एवं आवश्यकतानुरूप आप अन्य कार्यक्रम भी आयोजित कर करते है।

## नॉन घोटाले का जिन्न फिर आने वाला है बाहर!

### कांग्रेस ने बनाया था इस घोटाले को प्रमुख मुद्दा

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ की राजनीति में भूचाल लाने वाला नॉन घोटाले का जिन्न एक बार फिर से बाहर आने वाला है। कांग्रेस के लिए विधानसभा चुनाव के पूर्व और चुनाव के दौरान भी एक प्रमुख मुद्दा बने नॉन घोटाले में कई अधिकारी नप गए थे। इस मामले में अब तक 17 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।

सूत्रों की माने तो राज्य में कांग्रेस की सरकार बनते ही यह चर्चा शुरू हो चुकी थी कि सत्ता की कमान हाथ में आते ही कांग्रेस इस मामले की जांच फिर से करा सकती है। इस मामले में कांग्रेस द्वारा लगातार आरोप लगाए जाने और जोरदार विरोध-प्रदर्शन के बाद तत्कालीन भाजपा सरकार ने आरोपियों खिलाफ कार्यवाही का आश्वासन दिया था। इसके बाद अपराध दर्ज किया गया और कुल 27 लोगों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया था। आर्थिक




अपराध अन्वेषण ब्यूरो और एसीबी ने इसके बाद कुल 17 लोगों को गिरफ्तार किया था। इनमें से दो वरिष्ठ अफसर भी शामिल हैं। इन अफसरों ने अपनी जमानत के लिए याचिका भी दायर की थी, जो बाद में रद्द हो गई थी। इधर राज्य की कमान संभालने के बाद कांग्रेस ने अब इस मामले में गंभीरता दिखानी शुरू कर दी है। सूत्रों की माने तो कांग्रेस सरकार ने एक आला अफसर से नॉन घोटाले की फाइल मंगाई है, ताकि इस पर आगे की कार्यवाही सुनिश्चित हो सके। इधर इस मामले में आरोपी बनाए गए एक अफसर द्वारा राज्य सरकार के मुखिया को पत्र लिखने तथा कुछ तथ्यों से अवगत कराते हुए मामले की पूरी तरह से निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। सूत्रों की माने तो इस पत्र के प्राप्त होने के बाद ही कांग्रेस सरकार फिर से गंभीर हो गई है, माना जा रहा है कि जल्द ही अरबों रूपए के नॉन घोटाले का जिन्न एक बार फिर से बाहर आने वाला है।

## दो पेट्रोल पंपों में अज्ञात बदमाशों ने लुटे सवा तीन लाख रुपए नगदी

### जांच में जुटी पुलिस, दोनो ही पेट्रोल पंम्पो में एक ही रात हुई वारदात

बेमेतरा/मुंगेली (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा और मुंगेली जिले के दो पेट्रोल पंपों में एक ही रात अलग अलग समूहों में आये अज्ञात आरोपियों ने लूट की बड़ी वारदात की घटना को अंजाम दिया है ।

पहली घटना बेमेतरा जिले के नवागढ़ के प्रणम पेट्रोल पम्प में बीती रात तीन लाख की लूट हो गई। बदमाशों ने सोए हुए कर्मचारी की कनपटी पर बंदूक तानकर पेट्रोल पंप से तीन लाख रुपए पार कर दिए। मिली जानकारी के अनुसार घटना रात करीब 11 बजे की है। पेट्रोल पंप के ऑफिस का दरवाजा तोड़कर दो लोग अचानक अंदर घुस गए। सोए हुए कर्मचारी को रस्सी से बांधकर घटना को अंजाम दिया और फरार हो गए। पुलिस ने प्रार्थी लवबंद गोस्वामी की शिकायत पर एफआईआर दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि पेट्रोल पंप के ऑफिस का शीशा तोड़कर अंदर घुसे आरोपी 3, 15,870 रू, एक जैकेट, एक मोबाइल, एक कंबल लेकर फरार हो गए। उनके खिलाफधारा 457, 380, 34 के तहत मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है । दो आरोपियों में से एक ने पंपकर्मी की कनपटी पर बंदूक टिका दिया था। उसके बाद चाबी लेकर अलमारी से रुपए निकाले। पंपकर्मी ने बताया कि घटना को अंजाम देने वाला एक आदमी अपने चेहरा को ढका हुआ था।

## गांजा तस्करी : युवक को तीन साल कारावास

महासमुंद (आरएनएस)। गांजा तस्करी के आरोपित युवक को एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश मनोज कुमार प्रजापति ने तीन साल के सश्रम कारावास और दस हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड अदा नहीं करने पर छह महीने का अतिरिक्त सश्रम कारावास पृथक से भुगताए जाने का दंडादेश है। अभियोजन के अनुसार बलौदाबाजार जिला के ग्राम जुड़ा, कसडोल निवासी पुरुषोत्तम वर्मा



(23) से सांकरा पुलिस ने छह जून 2017 को शाम करीब छह बजे सल्हीह रोड पर मोटरसाइकिल सीजी 04 केबी 6876 के पीछे सीट में बंधी हुई प्लास्टिक की बोरी में कुल सात किलो 200 ग्राम गांजा जब्त किया था। पुलिस ने धारा 20 ख एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर प्रकरण न्यायालय में पेश किया। जहां मामले की सुनवाई 24 दिसंबर को पूरी करते हुए दोषसिद्ध पाए जाने पर सजा सुनाई गई।

## कोहरे ने रोकी ट्रेनों की रफ्तार, छग से गुजरने वाले कई ट्रेनें लेट



रायपुर (आरएनएस)। उत्तर भारत में पड़ रही कड़ाके की ठंड व कोहरे का असर छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली ट्रेनों पर भी पड़ रहा है। आज कोहरे की वजह से करीब दर्जनभर ट्रेनें 4 से 8 घंटे विलंब से चल रही है। ट्रेनों के विलंब से चलने के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

विलंब से चल रही ट्रेनों में छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, शिवनाथ एक्सप्रेस, सारनाथ एक्सप्रेस, संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, गोंडवाना एक्सप्रेस समेत अन्य ट्रेन शामिल है। सभी ट्रेनें अपने निर्धारित समय 4 से 8 घंटा विलंब से चल रही है।

कोहरे की वजह से कई ट्रेनों को जहां विलंब से छोड़ा जा रहा है तो कई ट्रेनों की रफ्तार में कमी की गई है। जिसके चलते कई ट्रेनें विलंब से चल रही है।

## निगम बनायेगा अब ट्रांसपोर्ट नगर, मांगी गई भूमि

जगदलपुर (आरएनएस)। शहर में सड़कों के किनारे खड़ी बेतरतीब ट्रकों व मालवाहनों के लिए शीघ्र ही नगर निगम ट्रांसपोर्ट नगर बनाने की तैयारी कर रहा है और इसके लिए ग्राम पंडरीपानी के पास स्थित वन विभाग की रिक्त भूमि को नगर निगम को हस्तांतरण करने का प्रस्ताव नगर निगम के एमआईसी में मेयर इन काउंसिल में प्रस्ताव पारित किया जा चुका है।

इस बैठक में पुराने नगर पालिका कार्यालय के स्थान पर मल्टी लेवल पार्किंग सहित गोलबाजार स्थित लोक निर्माण विभाग की दुकानों को नगर निगम को हस्तांतरण करने प्रस्ताव भी पारित किया गया। मेयर इन काउंसिल की इस बैठक में सभापति शेष नारायण तिवारी सहित महापौर जतिन जायसवाल भी उपस्थित थे।

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर हुई बैठक

रायपुर (आरएनएस)। गणतंत्र दिवस की तैयारी छत्तीसगढ़ में भी शुरू हो गयी है। इस सिलसिले में मुख्य सचिव अजय सिंह की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय (महानदी भवन) में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की



बैठक हुई। बैठक में बताया गया कि गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह 26 जनवरी को राजधानी रायपुर के पुलिस परेड मैदान में सवेरे 9 बजे से 11 बजे तक आयोजित किया जाएगा। विभिन्न विभागों द्वारा झांकियों का प्रदर्शन और बस्तर तथा सरगुजा जोन और मध्यक्षेत्र के जिलों के चयनित स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया जाएगा। शासकीय भवनों में 26 जनवरी को रात्रि में रौशनी की सजावट की जाएगी।

## अनिल कपूर संग इस काम को लेकर उत्साहित करणवीर

दिग्गज बॉलीवुड अभिनेता-निर्माता अनिल कपूर द्वारा नेटफ्लिक्स के लिए निर्मित सिलेक्शन डे के साथ करियर की शुरुआत करने जा रहे थियेटर अभिनेता करणवीर मल्होत्रा का कहना है कि वह इस तरह का एक अवसर मिलने पर बहुत उत्साहित हैं।



अनिल कपूर के प्रशंसक करणवीर ने कहा, मुंबई में सबसे पहले जिस सेलिब्रिटी से मुलाकात हुई थी, वह अनिल कपूर हैं। इससे पहले, एक बार मैंने मेलबर्न के भारतीय फिल्मोत्सव के लिए साथ काम किया था। मेरी जिम्मेदारी हस्तियों को समारोहस्थल तक लाने का था। उस कार्यक्रम में सबसे पहला सामना मेरा अनिल सर से हुआ था।

## मैंने बतौर कलाकार विश्वसनीयता बनाई है: शिव पंडित

टेलीविजन मेजबान से अभिनेता बने शिव पंडित का कहना है कि उन्हें लगता है कि उन्होंने एक अभिनेता के रूप में अपनी कुछ विश्वसनीयता बनाई है। वह आगामी वेब शो सिलेक्शन डे में नजर आएंगे।



शिव ने एक साक्षात्कार में कहा, मुझे लगता है कि जब वे अभिनेता के रूप में मेरा नाम सुनते हैं तो उनकी खराब प्रतिक्रिया नहीं होती है। मुझे उम्मीद है कि बतौर अभिनेता मैंने कुछ विश्वसनीयता बनाई है और मुझे लगता है कि इन दिनों फिल्म निर्माता सितारों पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय अच्छी कहानियां बनाने में अधिक रुचि रखते हैं।

## दिल्ली तक सीधी बस सेवा संचालित करने की मांग

विकासनगर (आरएनएस)। साहिया क्षेत्र के ग्रामीणों ने परिवहन निगम से साहिया से दिल्ली तक सीधी बस सेवा संचालित करने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने उत्तराखंड परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक को ज्ञापन भेजकर यह मांग की है। परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक को भेजे पत्र में ग्रामीणों ने कहा कि साहिया क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोगों को दिल्ली आवागमन करना पड़ता है। जिसके लिए लोगों को साहिया से पहले विकासनगर, फिर विकासनगर से आईएसबीटी और फिर वहां से दिल्ली के लिए जगह -जगह बसें बदलनी पड़ती है। जिसमें क्षेत्र के लोगों को भारी फजीहत झेलनी पड़ती है। यदि साहिया से दिल्ली के लिए सीधी बस सेवा लगती है तो इससे साहिया क्षेत्र ही नहीं बल्कि जौनसार बावर के अन्य गांवों के लोगों को भी सुविधा मिल सकेगी।

## कार से 10 किलो गांजा, एक पिस्टल और जिंदा कारतूस के साथ दो बंदी

महासमुंद (आरएनएस)। सिंघोड़ा पुलिस ने बुधवार को वाहनों की चेकिंग के दौरान कार में 10 किलो गांजा, एक पिस्टल और एक जिंदा कारतूस के साथ दो लोगों को पकड़ा। पुलिस ने बरगढ़ की ओर से सरायपाली की ओर आ रही एक लाल रंग की फ्रेजर यामाहा एमपी 17 एमएस 9222 को रोका। चालक राघवेंद्र सिंह उर्फ भूरा पिता रामानंद सिंह (22) जुड़मनिया, थाना चोरहट, जिला रीवा (मध्यप्रदेश) एवं पीछे बैठे धर्मेन्द्र सिंह पिता श्रीकांत सिंह (21) बाबूपुर थाना सिविल लाइन सतना के कब्जे से एक भूरे रंग के बैग में 10 किलो गांजा पकड़ा।

## तीन महीने के बिजली बिल माफ किए जाने की मांग

श्रीनगर गढ़वाल। आरटीई एवं आरटीआई कार्यकर्ता कुशलानाथ ने ऊर्जा निगम से श्रीनगर के बिजली उपभोक्ताओं के तीन महीने के बिजली बिल माफ किए जाने की मांग की है। इस मामले में विद्युत वितरण खंड श्रीनगर के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन दिया है।

## चालक को आई झपकी कार पलटी, एक मृत, चार घायल

### जगन्नाथ पुरी से लौट रहे थे, पटेवा के तोरला चौक मोड़ के पास हुआ हादसा

महासमुंद (आरएनएस)। पटेवा थाना के तोरला चौक के पास आज सुबह 7 बजे एक एसयूवी गाड़ी पलट गई। घटना में कार सवार पांच में एक की मौत हो गई, और चार घायल हो गए। एक की हालत गंभीर होने पर रायपुर रिफर किया गया है। कार में सवार सभी मध्यप्रदेश के रतलाम जिले के निवासी हैं। जानकारी के मुताबिक एमपी के रतलाम निवासी पांड्या परिवार के पांच सदस्य कार क्रमांक एमपी 43 सी 9191 से दो दिन पूर्व जगन्नाथ पुरी दर्शन के लिए गए थे। कल रात वे दर्शन के बाद लौट रहे थे। इसी दौरान पटेवा के तोरला चौक मोड़ के पास कार चालक को झपकी आई और कार अनियंत्रित होकर पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार ने करीब 4 पलटी खाई है। जिससे कार में सवार सभी पांच घायल हो गए और एक की मौत हो गई।




एक की हालत गंभीर होने पर रायपुर रिफर किया गया है। पुलिस ने बताया कि घायल सभी लोगों को उपचार के लिए तुमगांव के उप स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया और घटना की जानकारी परिवार के सदस्यों को दे दी गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

#### मृतक और घायलों के नाम

पटेवा के सहायक उपनिरीक्षक कमल ने बताया कि घटना में हीरालाल पिता रामचंद्र पांड्या (48) की मौत हो गई और ललिता पांड्या पति हरिश पांड्या (43) की हालत गंभीर होने पर रायपुर रिफर किया गया है। इसके अलावा बालकिशन पिता उदयराम व्यास (45), खुशी पिता सुनील पांड्या (4) और पलक पिता सुनील पांड्या (9) को उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

## आंखों की रौशनी बढ़ाने के लिए खास उपाय


आपको बता दे कंप्यूटर पर ज्यादा देर तक काम करने या फिर किताबें पढ़ते हुए



आंखें दर्द करने लगती हैं। जिससे देखने में परेशानी होने लगती है,यह खतरे की घंटी हो सकती है।आंवले के पानी से आंखें धोएं कनपट्टी पर गाय के घी से मसाज करें। हथेलियों को आपस में रगड़ कर आंखें बंद करके इस पर 3-4 बार लगाएं। रात को 5-7 बादाम भिगोकर सुबह खाएं। रोजाना तांबे के बर्तन में रखे पानी से आंखें धोएं।

## कम उम्र में माता-पिता बनना अच्छा है : आयुष्मान

अभिनेता आयुष्मान खुराना का कहना है कि कम उम्र में माता-पिता बनना अच्छा होता है। बधाई हो के अभिनेता ने चैट शो फेमसली फिल्मफेयर सीजन 2 की शूटिंग के दौरान अपने बच्चों के साथ अपने संबंधों के बारे में बात की।



आयुष्मान ने कहा, आज, मुझे चश्मा पहनना पड़ा क्योंकि मैं सुबह शूटिंग के लिए जल्दी उठा। बेटी का स्पोर्ट्स डे था और मैं अन्य माता-पिता के साथ 100 मीटर की दौड़ जीतने के लिए तैयार था क्योंकि मैं वहां सबसे कम उम्र का था।